दिनांक: 26 फरवरी, 2018

08 मार्च, 2018

सेवा में ,

सभी मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, के. ज. आ.
सचिव, के. ज. आयोग
निदेशक (नदी प्रबंध समन्वय, जल आयोजना एवं परियोजना, अभिकल्प एवं अनुसंधान)
सभी अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग
नई दिल्ली ।

विषय: जल संसाधन, नदी विकास और गंगा मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27.12.2017 को हुई 71वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्रवाई करने हेतु ।

महोदय/महोदया,

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को हुई 71वीं बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त हो गया है जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:-

1. संयुक्त सचिव (पीपी) महोदय ने कहा कि उच्च अधिकारियों को कार्यालय में हिंदी पत्राचार को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए और अपने स्तर पर भी ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करना चाहिए।
2. संयुक्त सचिव (पीपी) ने सरकारी कामकाज में बोलचाल के हिंदी शब्दों का प्रयोग करने पर बल दिया ताकि सरकारी कामकाज में जन भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग हो सके।
3. हिंदी मौलिक पुस्तक लेखन योजना वर्ष 2017 से मंत्रालय द्वारा संचालित की गई हैं। मंत्रालय से प्राप्त पत्र सभी संबंधित को 30.01.2018 के पत्र द्वारा परिचालित कर दिया गया है। इच्छुक प्रतिभागी जो इस योजना के तहत भाग लेना चाहते हैं वे अपना नामांकन सीधे मंत्रालय को भेजें।

आपसे अनुरोध है कि उक्त मदों पर कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई से हिन्दी अनुभाग, के.ज.आ. को भी अवगत कराया जाए ।

भवदीया,

8/3/18

(रजिन्दर पाल)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
टेलीफ़ोन नं 29583720

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ:-</u>

1. उप निदेशक (एसएमडी), के.ज.आ. को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे के.ज.आ. की